यूटीयू के पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

- दस दिसंबर को होगा दीक्षांत समारोह, पांच तक होंगे पंजीकरण

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) का दीक्षांत समारोह 10 दिसंबर को होगा। इस दौरान 5,387 छात्रों को डिग्रियां बांटी जाएंगी। कुलाधिपति और राज्यपाल गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने यह जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्स के 3843 एवं परास्नातक कोर्स के 1,544 छात्रों सहित कुल 5387 छात्र-छात्राएं उपाधि हासिल करेंगे। इस समारोह में भाग लेने के लिए वेब पोर्टल पर पांच दिसंबर तक पंजीकरण होंगे। इस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, नालंदा विवि के पूर्व कुलाधिपति एवं भारत में सुपर कम्प्यूटर के विकास का श्रेय प्राप्त करने वाले पद्मभूषण एवं पद्मश्री डॉ. विजय पाण्डुरंग, पद्मश्री अरविंद कुमार गुप्ता भी शामिल होंगे।